# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0/2799
दिनांक : 26.06.2020

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषयः— नैक की जागरूकता के दृष्टिकोण से आयोजित वेबगोष्ठी में दिनांक 29.06.2020 को प्रातः 11:00 बजे प्रतिभाग करने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आप सभी विदित ही है कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ उच्च शिक्षा में गुणवत्ता संवर्द्धन के लिए अग्रसर है और इसके लिए सभी महाविद्यालयों का प्रत्यायन हो, के लिए भी वह कटिबद्ध है। अपने उसी संकल्प की पूर्ति हेतु वह समय–समय पर सभी महाविद्यालयों को नैक कराने हेतु प्रेरित करता रहता है। नैक की जागरूकता के निमित्त जनवरी, 2020 में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा किया गया था, और दूसरी संगोष्ठी मार्च, 2020 में अपेक्षित थी। किन्तु कोविड–19 महामारी के चलते इसका प्रस्तावित आयोजन न किया जा सका। अब वही आयोजन वेबगोष्ठी, के रूप में **दिनांक 29.06.2020 को प्रातः 11:00 बजे** किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इस वेबगोष्ठी में विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति एवं प्रति–कुलपति प्रो0 वाई0 विमला जो कि आई0क्यू0ए0सी0 की अध्यक्षा भी है के साथ–साथ नैक के अधिकारियों ने उपस्थित रहने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

अतः उक्त के क्रम में मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपसे अपेक्षा की जाती है कि ऑनलाइन कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु आप अपने–अपने महाविद्यालयों में वेबगोष्ठी में सहभागिता हेतु यथा शीघ्र अपना ऑनलाइन पंजीकरण विश्वविद्यालय पोर्टल पर दिये गये लिंक :– **(http://forms.gle/2YJ4YCPjhhzAsKnx6)** पर कराते हुये उपस्थिति सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

26/6/2020

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
02. प्रति–कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
03. समन्वयक,**IQAC,** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
04. विश्वविद्यालय, प्रेस प्रवक्ता।
05. प्रभारी, वेबसाइट

कुलसचिव